www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

### सुविचार



कभी भी दुष्ट लोगों की सक्रियता समाज को बर्बाद नहीं करती, बल्कि हमेशा अच्छे लोगों की निष्क्रियता समाज को बर्बाद करती है।

-शिव खेड़ा


### बरेली के प्रमुख समाचार

- मंडप में दबंगों का तांडव, दुल्हन को भी पीटा - II
- महिला आरक्षण पर नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित -III
- जलवायु निगरानी, आपदा प्रबंधन का आधार है अंतरिक्ष तकनीक- IV


## सिटी ब्रीफ

### हरी शंकर बने भाकियू (किसान) के जिलाध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (किसान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर की अनुमति से राष्ट्रीय सचिव मुकेश सिंह सिकरवार ने हरी शंकर को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। हरी शंकर ने संगठन का आभार जताते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ किसानों की सेवा का संकल्प भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा।

### भवन निर्माण में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर दिया नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** चौपला रोड पर बिना अनुमति और बिना सुरक्षा उपकरणों के किए जा रहे भवन निर्माण को लेकर अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने भवन स्वामी वेद प्रकाश अग्रवाल को नोटिस जारी किया है। एक्सईएन ने बताया कि विभाग को शिकायत मिली थी कि इस निर्माण कार्य से पड़ोसी के भवन को भारी क्षति पहुंचने की संभावना है। नोटिस में कहा कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले संबंधित विभागों से विधिवत अनुमति प्राप्त करना और संपूर्ण सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करना अनिवार्य है। नोटिस में ये भी कहा कि भविष्य में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं भू-स्वामी की होगी।

### शहर में आज

- बरेली कालेज में विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा सुबह 8 बजे से 11 बजे।
- विंडरमेयर में रंग विनायक रंग मंडल के नाटक 'खामोश अदालत जारी है' का मंचन शाम 6 बजे
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संदर्भ में प्रेसवार्ता कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे।
- सामाजिक न्याय भागीदारी सम्मेलन को लेकर पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार की प्रेसवार्ता कार्यालय पर दोपहर 3 बजे।
- श्री बांके बिहारी कल्याण समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शाम 4 बजे से।

### दुर्लभ वल्चर का दीदार



कंकरीट के जंगल की शक्ल लेते हमारे शहर में जहां कहीं हरियाली शेष है, सबके लिए वहां पक्षियों का कलरव विशेष है, आसपास देखे गए मेहमान परिंदे की यह तस्वीर सन सिटी विस्तार से हमारे एक सुधी पाठक ने भेजी है। ये दुर्लभ पक्षी इजिप्शियन वल्चर (मिस्री सफेद गिद्ध) की किशोर अवस्था मानी जाती है, शुरुआत में इसके पंख भूरे दिखते हैं, वयस्क होने पर सफेद हो जाते हैं और काले निशान उभर आते हैं, बुद्धिमत्ता के लिए पहचाने जाने वाला यह पक्षी पत्थरों का उपयोग कर बड़े अंडे तोड़ने की क्षमता रखता है, वर्तमान में ये प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है, अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने इसे गंभीर संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है, भारत समेत दक्षिण एशिया, यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में ही अब इसकी मौजूदगी देखी जाती है।

# वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ में आधार कार्ड मान्य नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि शासन के नए निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना में आधार कार्ड की मान्यता समाप्त कर दी गई है। अब आयु की पुष्टि के लिए केवल परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रति या शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र मान्य होगा।

उन्होंने बताया कि किसी आवेदक ने केवल आधार कार्ड अपलोड किया है, तो उन्हें तत्काल पोर्टल पर जाकर नए मान्य दस्तावेज अपलोड करने होंगे। ऐसा न करने की स्थिति में आवेदनों को निरस्त कर दिया जाएगा और उन्हें आगे नहीं बढ़ाया जा सकेगा। यही नियम राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत मृतक की आयु की पुष्टि के लिए भी अनिवार्य रूप से लागू होगा। जिले के सभी जनसेवा केंद्र संचालकों और आवेदकों को निर्देश दिया है वे नए नियमों का कड़ाई से पालन करें ताकि सरकारी मदद से वंचित न रहें।

### वृद्धावस्था पेंशन की समस्याओं को लगेंगे कैंप

**बरेली, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए विकासखंड मुख्यालयों पर तीन दिवसीय विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय उन पेंशनधारकों की सुविधा के लिए लिया गया है जिन्हें पेंशन की धनराशि मिलने की जानकारी नहीं हो पा रही है, या जिनका आधार प्रमाणीकरण और बैंक खाते की एनपीसीआई न होने के कारण भुगतान रुका हुआ है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि 20 अप्रैल को फरीदपुर, भुता, क्यारा, रामनगर और मझगवां में कैंप लगेंगे, जबकि 21 अप्रैल को मीरगंज, नवाबगंज, फतेहगंज पश्चिमी, आलमपुर जाफराबाद और बहेड़ी के लाभार्थियों की समस्याओं का निस्तारण होगा। 22 अप्रैल को भदपुरा, भोजीपुरा, शेरगढ़, रिछा और क्यारी नैनपुर के विकासखंड परिसरों में शिविर का आयोजन होगा। विकास खंड स्तर पर नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को बनाया गया है।

# ग्रेटर बरेली में व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ाने को मंजूरी

## बीडीए बोर्ड बैठक में औद्योगिक टाउनशिप के लिए सहमति से किसानों की जमीन चार गुना मूल्य पर खरीदने पर भी मुहर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बीडीए की 95वीं बोर्ड बैठक में शुक्रवार को कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई। नयी औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने के लिए भूमि अर्जन करने और सीड कैपिटल प्राप्त करने का प्रस्ताव बैठक में पास हुआ। बड़ा बाईपास किनारे ग्रेटर बरेली के दो सेक्टर में व्यवसायिक गतिविधियां पीपीपी मोड पर बढ़ाने की अनुमति भी दे दी गई। कंपाउंडिंग मैप्स के लिए वाह्य विकास शुल्क की दरें बढ़ाने का प्रस्ताव भी पास किया गया है।

कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को बीडीए बोर्ड बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। इसमें छह प्रस्ताव पटल पर रखे गए। बैठक में बरेली-दिल्ली हाईवे से सटी हुई नयी औद्योगिक टाउनशिप को विकसित करने पर चर्चा की गयी। बताया गया कि भिटौरा, नौगवां उर्फ फतेहगंज पश्चिमी, चिटौली, रहपुरा जागीर एवं रसूला चौधरी के लगभग 600 किसानों से कुल 126.3043 हेक्टेयर भूमि आपसी सहमति के आधार पर चार गुना मूल्य पर बरेली विकास प्राधिकरण के पक्ष में क्रय की जानी है। आंतरिक व वाह्य विकास कार्यों की लागत जोड़ने के बाद आमजन को औद्योगिक टाउनशिप के लिए भूखंडों का आवंटन शुरू किया जाएगा। बोर्ड बैठक में महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन को मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण व नये शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सीड कैपिटल प्राप्त करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक में चर्चा की गयी कि यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक विकास को गति देने के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी और शहरी सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए, नगर आयुक्त संजीव मौर्य, अधीक्षण अभियंता विद्युत ज्ञान प्रकाश, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के प्रतिनिधि, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, संयुक्त आयुक्त उद्योग, बोर्ड सदस्यों में राजेश कुमार अग्रवाल, शालिनी वर्मा, नवल किशोर एवं बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव आदि अधिकारी शामिल हुए।



बीडीए की बैठक की अध्यक्षता करते कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी। ● अमृत विचार

- **कमिश्नर की अध्यक्षता में 95वीं बीडीए बोर्ड बैठक में खींचा गया विकास का खाका**

### एक माह में दूसरी बार वाह्य विकास शुल्क बढ़ाया

बोर्ड बैठक में निर्मित भवनों की कंपाउंडिंग मैप्स के लिए वाह्य विकास शुल्क की कास्ट इंडेक्स के आधार पर फिर दरें बढ़ा दी। शासन ने अधिसूचना जारी कर बताया कि नियम-8 के संशोधन'' के प्राविधान के अनुसार ऑनलाइन व शमन मानचित्रों (कंपाउंडिंग मैप्स) के लिए वाह्य विकास शुल्क की कास्ट इंडेक्स के आधार पर दरें पुनरीक्षित कर सकते हैं, उसी क्रम में वर्ष-2026-27 के लिए 1565 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से दरें पुनरीक्षित करने का प्रस्ताव बोर्ड में सर्वसम्मति से पास किया गया। जबकि इससे पहले 16 मार्च को हुई बैठक में यह शुल्क 1450 रुपये से बढ़ाकर 1510 रुपये प्रति वर्गमीटर किया गया था। करीब एक महीने के भीतर दूसरी बार बढ़ोतरी से प्लॉट और निर्माण लागत पर असर पड़ने की संभावना है।

### डिवाइडर पर लाइट का मुद्दा उठाया

बोर्ड के सदस्य राजेश अग्रवाल ने कहा कि 94वीं बोर्ड बैठक में शासन ने वाह्य विकास शुल्क की दरों में बढ़ोतरी की थी। अब फिर बढ़ोतरी गलत है। महंगी और और खेती की जमीनों पर एक ही वाह्य शुल्क लेना सही नहीं। उन्होंने बीसलपुर चौराहे से डोहरा चौराहे तक डिवाइडर पर लाइट लगवाने का मुद्दा उठाया।

### ग्रेटर बरेली में व्यवसायिक गतिविधियों को भी मंजूरी

बरेली : बीडीए बोर्ड बैठक में व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ाने पर भी फोकस रहा। ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के सेक्टर चार एवं सेक्टर 7 के हाईवे के कुछ व्यवसायिक भूखंडों को खुली नीलामी व निविदा प्रक्रिया के माध्यम से एच-1 (उच्चतम बोली) के आधार पर 30 वर्ष की अवधि के लिए पीपीपी मॉडल पर आवंटित किया जा सकेगा। निजी निवेशक अनुमन्य संक्रियाओं (यह वे गतिविधियां हैं, जिनके माध्यम से निजी व्यक्ति या संस्थाएं गैर-सूचीबद्ध या निजी कंपनियों में अपना धन निवेश करते हैं) के अन्तर्गत हाईवे पर फूड कोट, हाईवे फैसिलिटीज जैसे रेस्टोरेन्ट, प्ले एरिया और अन्य जनोपयोगी फैसिलिटीज गतिविधियां इस मॉडल के तहत कर सकेंगे। जिससे प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति और सुदृढ़ होने के साथ-साथ क्षेत्र का समुचित विकास होगा। यह प्रस्ताव बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर के सिद्धांत पर आधारित होगी, जिसे निविदा या नीलामी के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए बोर्ड ने सैद्धांतिक स्वीकृति दी।

### खुर्रम गौंटिया मोड़ तक चौड़ीकरण पर सहमति

बोर्ड बैठक में सेटेलाइट से त्रिशूल चौराहे तक पीलीभीत रोड को आठ लेन तक चौड़ा करने के विषय पर भी चर्चा की गयी। सेटेलाइट से खुर्रम गोटिया मोड तक जहां फ्लाईओवर आता है, वहां तक सड़क चौड़ीकरण का मामला उठा। इसे एस्टीमेट में लेने की मांग रखी गई। जिस पर बोर्ड ने सहमति जताई। ऐसा होने से सेटेलाइट पर जाम की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है।

## बिना अनुमति लगे होर्डिंग, बनैर हटाए

**बरेली, अमृत विचार:** विधानसभा और पंचायत चुनावों का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन दावेदारों ने शहर को होर्डिंग और बैनर से पाट दिया है। इन प्रचार सामग्रियों को लगाने के लिए नगर निगम से कोई अनुमति नहीं ली गई है। शुक्रवार को निगम की टीम ने बिजली के खंभों, पेड़ों और फ्लाईओर की रैलिंग पर अवैध रूप से लटके दर्जनों होर्डिंग और बैनरों को उतारकर जब्त कर लिया।

विज्ञापन प्रभारी राजीव राठी ने बताया कि टीम ने पटेल चौक से महादेव सेतु होते हुए कोहाड़ापीर चौराहे तक डिवाइडरों और पोल पर अवैध रूप से लगी प्रचार सामग्री को साफ कर दिया। गुरुवार को भी नगर निगम की टीम ने अवैध होडिंग को लेकर अभियान चलाया था। राजीव राठी ने स्पष्ट किया कि शहर की सुंदरता को बिगाड़ने और बिना शुल्क जमा किए विज्ञापन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अभियान आने वाले दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा और यदि दोबारा अवैध होर्डिंग लगाए गए, तो संबंधित दावेदारों के खिलाफ जुर्माना लगाने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

# सथरापुर प्लांट की तैयरियां पूरी जून से 'कचरा मुक्त' होगा शहर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी बरेली जीरो वेस्ट सिटी बनने की राह पर है। शहर के 80 वार्डों से निकलने वाले 500 मीट्रिक टन कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए सथरापुर में बन रहा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट अब हकीकत रूप लेने लगा है। दिल्ली की संस्था 'पाथ्या' की मशीनों के इंस्टॉलेशन का काम अंतिम चरण में है। मुंबई से आने वाली मशीनें अगले दो-तीन दिनों में सथरापुर पहुंच जाएंगी। पर्यावरण अभियंता राजीव राठी ने बताया कि अप्रैल तक तकनीकी ढांचा तैयार कर लिया जाएगा और जून के पहले सप्ताह से प्लांट का पहिया घूमने लगेगा,।



सथरापुर प्लांट का निरीक्षण करते नगर आयुक्त व अन्य अधिकारी।

नगर निगम के अधिकारी दावा करते हैं कि यह प्रोजेक्ट केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कचरे को कमाई के स्रोत में बदलेगा। योजना के तहत गीले कचरे को प्रोसेस कर उससे सीएनजी, बायो गैस और उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद तैयार की जाएगी। नगर निगम कार्यदायी संस्था को 446 रुपये प्रति टन के हिसाब से भुगतान करेगा।

### रैंकिंग सुधार की तैयारी

पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रोसेसिंग प्लांट के अभाव और पुराने कूड़े का निस्तारण न होने से बरेली पिछड़ गया था। अब 15 अप्रैल के बाद संभावित केंद्रीय टीम के दौरे से पहले निगम इस प्लांट को उपलब्धि के रूप में पेश करने की तैयारी में है। एक्सईएन राजीव राठी के मुताबिक, प्लांट शुरू होने से निरीक्षण में भारी अंक मिलेंगे। जून से संचालन की उम्मीद के साथ, बरेली इस बार स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाकर टॉप शहरों की सूची में शामिल होने के लिए कमर कस चुका है।

## राजस्व वादों के निस्तारण के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों और सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि सीएम डैशबोर्ड की नियमित मॉनिटरिंग करें। रैंकिंग बेहतर बनाए रखने को समन्वय के साथ कार्य करें।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि लक्ष्यों को निर्धारित समय के भीतर पूरा कराएं। धारा-80 के प्रकरणों का समय से निस्तारण करने और सभी एसडीएम को भूमि संबंधित मामलों व राजस्व वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्रगति को समय-समय पर अपडेट करें। एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व) संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरेली से होकर गुजरेंगी कई समर स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **गर्मियों की छुट्टियों के दौरान यात्रियों को नहीं होगी परेशानी**

**अमृत विचार :** गर्मियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए कई समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इनमें कई ट्रेनों का ठहराव बरेली जंक्शन पर होगा।

आनंद विहार टर्मिनल से मुजफ्फरपुर के बीच स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जाएंगी। 04028 स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को आनंद विहार से बरेली होते हुए मुजफ्फरपुर जाएगी। इसी तरह 04030 बुधवार को आनंद विहार से और 04029 गुरुवार को मुजफ्फरपुर से संचालित होगी। इन ट्रेनों का बरेली जंक्शन पर ठहराव लगभग दो मिनट का रहेगा। आनंद विहार से आने वाली ट्रेनें दोपहर करीब 1:30 बजे बरेली पहुंचेंगी, जबकि वापसी में रात करीब 10:52 बजे बरेली आएंगी। इसके अलावा फिरोजपुर कैंट से पटना के बीच 04616/04615 नंबर की साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाएगी, जो मंगलवार को फिरोजपुर से और बुधवार को पटना से चलेगी। यह ट्रेन भी बरेली जंक्शन पर रुकेगी।

**आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी चलाई जाएगी :** गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए मुरादाबाद मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेल सेवा शुरू की है। आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी-आनंद विहार टर्मिनल आरक्षित स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक आधार पर चलाई जाएगी। इससे बरेली के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 04008 का संचालन आनंद विहार टर्मिनल से 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को किया जाएगा। वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 04007 जोगबनी से 19 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक रविवार जिसमें 24 मई को छोड़कर चलाई जाएगी। दोनों ट्रेनों में वातानुकूलित और स्लीपर श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। गाड़ी संख्या 04008 आनंद विहार से चलकर बरेली स्टेशन पर दोपहर 1 ट्रेन गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, छपरा, बरौनी, कटिहार, पूर्णिया और अररिया कोर्ट सहित कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। गर्मियों में भीड़ को देखते हुए यह विशेष ट्रेन चलाई जा रही हैं।

### रेलवे ने बदले कई ट्रेनों के नंबर

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने बरेली-नई दिल्ली एक्सप्रेस के मार्ग विस्तार के साथ ही कई ट्रेनों के नंबर बदलने का निर्णय लिया है। यह बदलाव अलग-अलग दिन से लागू होंगे। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि 14315/14316 बरेली-नई दिल्ली-बरेली एक्सप्रेस कासगंज तक बढ़ाई गई है। इसके चलते संबंधित ट्रेनों की नई नंबरिंग की गई है। नई व्यवस्था के तहत 14323 नई दिल्ली-रोहतक एक्सप्रेस को 20 मई से नई गाड़ी संख्या 15305 के रूप में चलाया जाएगा। इसी प्रकार 14324 रोहतक-नई दिल्ली एक्सप्रेस अब 20 मई से 15306 नंबर से संचालित होगी। वहीं, 14085 तिलक ब्रिज-सिरसा एक्सप्रेस 20 अप्रैल से 15307 नंबर से चलेगी, जबकि 14086 सिरसा-तिलक ब्रिज एक्सप्रेस 21 अप्रैल से नई संख्या 15308 के साथ संचालित की जाएगी।

### विकास की बयार

## यूपीडा की टीम ने एडीएम जे के साथ चिह्नित की गयी भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण

# एक हजार हेक्टेयर में विकसित होगा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **किसानों से भूमि क्रय प्रक्रिया तेज करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए आंवला तहसील के भमौरा सहित दस गांवों की चिह्नित की गयी 1004 हेक्टेयर भूमि का शुक्रवार को उप्र एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल अथॉरिटी (यूपीडा) की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने चिह्नित भूमि को इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए उपयुक्त पायी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बरेली सहित 26 जनपदों में एक हजार हेक्टेयर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जाना है। यूपीडा के मुख्य प्रतिपालक अधिकारी का पत्र मिलने के बाद डीएम अविनाश सिंह ने सभी एसडीएम से भूमि चिह्नित कर रिपोर्ट मांगी। एसडीएम आंवला विदुषी सिंह ने भमौरा क्षेत्र में दस गांवों की भूमि चिह्नित कर रिपोर्ट डीएम को भेजी। यह भूमि गंगा एक्सप्रेस-वे से महज आठ किमी दूर है। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील आंवला की राजस्व टीम ने भूमि का चयन किया। प्रस्तावित भूमि ग्राम भमौरा, मकरन्दपुर ताराचन्दपुर, पखुरानी कुडढा, भीकमपुर, भरताना, हजरतपुर, यूसुफपुर, खुली व चांदपुर मटकी में स्थित है। भूमि नेशनल हाईवे-530 बी बरेली-मथुरा हाईवे के समीप और भमौरा आंवला स्टेट हाईवे-125 के दोनों तरफ स्थित है। कुछ दिन पहले डीएम ने भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया और समुचित प्रस्ताव यूपीडा के सीईओ को भेजा।



भमौरा क्षेत्र में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए चिह्नित की गयी भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर नक्शा देखते यूपीडा के अधिकारी। ● अमृत विचार

प्रस्ताव भेजने के कुछ दिन बाद शुक्रवार को यूपीडा के उच्चाधिकारियों की टीम बरेली पहुंची और एडीएम जे देश दीपक सिंह, एसडीएम आंवला विदुषी सिंह आदि संग भमौरा क्षेत्र में चिह्नित की गयी भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। कई घंटे तक टीम ने भूमि की जांच कर किसानों से बातचीत की। यूपीडा के उच्चाधिकारियों की टीम में चुनकू राम पटेल, बीडी वर्मा के साथ कंसल्टेंट एजेंसी शामिल थे। इनके साथ अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता जल निगम, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र व राजस्व अधिकारी भी उपस्थित रहे। यूपीडा की टीम ने एक हजार हेक्टेयर में बनने वाले इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए भूमि उपयुक्त पायी।

# ईंट पजाया से महर्षि कश्यप चौक तक बदलेगी सूरत, निकाला टेंडर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सीएम ग्रिड फेस-थ्री में 31 करोड़ से डेढ़ किमी बनेगी मॉडल रोड**
- **सड़क को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा**

**अमृत विचार :** सीएम ग्रिड के फेस-वन और फेस-टू की सफलता के बाद अब नगर निगम ने फेस-थ्री के लिए विकास योजना को धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है।

इसके तहत श्यामगंज पुल ईंट पजाया से लेकर स्टेडियम रोड पर स्थित महर्षि कश्यप चौक तक करीब 1.5 किलोमीटर लंबे मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत कई काम कराए जाएंगे। लगभग 31 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के लिए नगर निगम ने शुक्रवार को निविदा आमंत्रित कर दी हैं।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि सीएम ग्रिड फेस-वन में मॉडल टाउन में कार्य 75 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है। फेस-टू में कोहाड़पीर से धर्मकांटा और कुदेशिया फाटक तक 44 करोड़ से करीब ढाई किलोमीटर लंबी माडल रोड का निर्माण कराया जा रहा है और अब फेस-थ्री की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस मॉडल रोड के निर्माण से स्टेडियम रोड के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को जलभराव और जर्जर सड़कों से मुक्ति मिलेगी।

फेज थ्री में न केवल सड़क का चौड़ीकरण होगा, बल्कि आधुनिक सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस मार्ग पर विद्युत लाइनों और नालों को पूरी तरह भूमिगत किया जाएगा, जिससे शहर की सुंदरता और यातायात सुगमता में वृद्धि होगी। कहा जल्द काम शुरू होगा।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 19 अप्रैल 2026, रविवार 3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# मंडप में दबंगों का तांडव, दुल्हन को भी पीटा

## भोजीपुरा में मेहमान की कार सड़क पर खड़ी होने से बौखलाए हमलावरों ने विवाह समारोह में किया हमला

कार्यालय संवाददाता

**बरेली।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र में मेहमान की कार सड़क पर खड़ी होने से बौखलाएं दबंगों ने विवाह समारोह में जमकर तांडव किया। लाठी-डंडों से लैस होकर टूटे दर्जनों हमलावरों के सामने जो भी आया, उसको पीटा गया। घर में घुसकर दुल्हन से भी मारपीट की। पंडाल उखाड़ डाला। खाने की क्राकरी-प्लेट तहस-नहस कर डालीं। पीड़ित दुल्हन ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, पुलिस 24 घंटे बाद भी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। तुरंत घटना की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की गई।

पीड़ित पक्ष के अनुसार, भोजीपुरा गांव मेमौर गांव के रहने वाले केवल राम मौर्य की बेटी ज्ञानवती की कल शादी थी। थाना अलीगंज क्षेत्र से बारात पहुंचने से पहले शाम के समय पंडाल में मेहमान और गांववालों की दावत चल रही थी। शादी में आए दुल्हन के एक रिश्तेदार ने सड़क किनारे अपनी कार खड़ी कर दी थी, जिसे लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि गांव का दबंग कैलाश यादव ट्रैक्टर ट्राली लेकर वहां पहुंचा और तुरंत कार हटाने को कहा। थोड़ी देर होने पर उसने ट्रैक्टर से साइड मारकर कार को नुकसान पहुंचा दिया।

कार स्वामी ने विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। हाथापाई-मारपीट शुरू हो गई। ट्रैक्टर चला रहे कैलाश ने फोन करके अपने पक्ष की भीड़ बुला ली। देखते ही देखते दर्जनों लोग लाठी-डंडे लेकर वहां आ धमके और विवाह समारोह में जुटे लोगों को पीटना शुरू कर दिया। जो सामने आया, हमलावरों ने उसी को धुन डाला। दावत खा रहे मेहमानों को भी नहीं छोड़ा। सबके साथ मारपीट की गई। हमलावरों का गुस्सा इतने पर भी शांत नहीं हुआ और घर में घुसकर महिलाओं के साथ दुल्हन की भी पिटाई कर दी। पंडाल फाड़ दिया। क्राकरी तोड़ दी। घटना से कार्यक्रम में भगदड़ मच गई।

सूचना पर पर डायल 112 की टीम वहां पहुंची, मगर तब तक हमलावर वहां से गायब हो चुके थे। बाद में दुल्हन ने हमला, मारपीट, तोड़फोड़ में शामिल 38 लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए भोजीपुरा पुलिस को तहरीर दी। बवाल के बाद जैसे-तैसे वैवाहिक कार्यक्रम निपटाए जा सके। पीड़ित लोगों का आरोप है कि दुस्साहसिक घटना के बाद भी पुलिस तुरंत कार्रवाई से बचती नजर आई।



विवाह समारोह में हंगामे के दौरान बड़ी संख्या में मेहमान। ● अमृत विचार

- तंबू-कनात उखाड़े, खाने की प्लेटें तहस-नहस कर डालीं
- दुल्हन ने रोते-बिलखते पुलिस से लगाई कार्रवाई की गुहार

### डरे-सहमे रिश्तेदार रात में ही लौट गए

दबंगों के हमले से आतंकित दुल्हन के कई रिश्तेदार रात में ही वहां से वापस हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि दबंग आरोपियों ने मेहमानों की इज्जत का ख्याल नहीं किया। आमतौर पर बाहर से आए मेहमानों की पूरा गांव इज्जत करता है लेकिन हमलावरों ने किसी को नहीं बख्शा। हमले में कई लोग चोटिल हो गए। कई मेहमान बीच कार्यक्रम से ही वापस चले गए।

> बारात में मामूली विवाद को लेक बवाल करने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> -मुकेश मिश्रा, एसपी, उत्तरी

# बीडीओ-सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि, प्रधान को क्लीनचिट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नरियावल मामले में डीडीओ ने बीडीओ की मॉनिटरिंग में मानी बड़ी लापरवाही
- बीडीओ ने सचिव को क्षमता से अधिक गाय ट्रक में लादने पर माना है दोषी

**अमृत विचार:** नरियावल में गोवंश की शिफ्टिंग के दौरान हुई लापरवाही और एक गाय की मौत के मामले में सीडीओ देवयानी के कड़े रुख के बाद बीडीओ और सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम में ग्राम प्रधान की भूमिका क्लीनचिट मिलने पर सवाल उठने लगे हैं।

जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने बिथरी चैनपुर के बीडीओ कौशल कुमार गुप्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है। जांच में स्पष्ट हुआ कि बीडीओ की ओर से मॉनिटरिंग में घोर लापरवाही बरती गई और कमेटी को अंधेरे में रखकर नियमों के विरुद्ध गायों की शिफ्टिंग कराई गई। दूसरी ओर, बीडीओ की ओर से ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) मोरपाल गंगवार को भी प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। जांच रिपोर्ट में माना गया है कि सचिव ने शिफ्टिंग के दौरान मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया, जिसके चलते मिनी ट्रक में क्षमता से अधिक गोवंश लादे गए और एक गाय की मौत हो गई।

हैरानी की बात यह है कि जिस गौशाला और गांव में यह पूरी प्रक्रिया हुई, वहां के ग्राम प्रधान को इस कार्रवाई से बाहर रखा गया है। सूत्रों का कहना है कि शिफ्टिंग के दौरान प्रधान की सहमति और मौजूदगी के बावजूद क्लीन चिट दे दी गई। जबकि नियमों के मुताबिक प्रधान की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए थी। चर्चा है कि राजनैतिक रसूख के चलते प्रधान को बचा लिया गया और सारा ठीकरा केवल बीडीओ और सचिव पर फोड़ दिया गया।

# किशोरी से गैंगरेप के दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**बरेली, अमृत विचार:** किशोरी से गैंगरेप के आरोपी मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र निवासी आदाब, बबलू उर्फ बबलू अली हैदर की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 नम्रता अग्रवाल ने खारिज कर दी।

शासकीय वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना बिशारतगंज में तहरीर देकर बताया था कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री को आदाब व शादाब 13 अप्रैल 2025 को मुरादाबाद अपने बहनोई बबलू के घर ले गये। 21 अप्रैल को बेटी चंगुल से निकलकर आयी। पीड़िता ने बताया कि आदाब से इंस्टाग्राम पर बात करती थी। आदाब ने उससे कहा हम शादी कर लेंगे। 11 अप्रैल की सुबह आदाब की बाइक से मुरादाबाद आई। वहां आदाब, सादाब और बबलू ने गलत काम किया। 8 दिन आदाब के घर पर ही रही। फिर आदाब मुरादाबाद से ट्रेन से बरेली रेलवे स्टेशन छोड़ गया।

# गोवंश से गंदी बात पर हिन्दू संगठन गुस्साए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ शर्मसार करने वाला वीडियो

**अमृत विचार:** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में समाज को समाज को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। गौवंश के साथ अमानवीय हरकत करते एक व्यक्ति का वीडियो वायरल हुआ तो हिन्दू संगठन गुस्से में आ गए। गंदी बात करते नजर आ रहे शख्स के खिलाफ केस दर्ज कर तुरंत गिरफ्तारी की मांग उठी है।

हिन्दू संगठनों के अनुसार, मामला कर्मचारी नगर स्थित एक अस्पताल के पास का होने की जानकारी सामने आई है। रिक्शे से बोझा ढोने वाला नशेड़ी जैसा सख्स गौवंश के साथ हैवानी हरकत करता दिखा। लोगों ने उसका वीडियो बना लिया और डायल 112 को सूचना दी। पुलिस टीम वहां पहुंची और आरोपी व्यक्ति से पूछताछ की। नशे में वह अपना नाम तक सही से नहीं बता पा रहा था। टीम ने नशेड़ी मानकर उसे छोड़ दिया। मामला तूल तब पकड़ा, जब वायरल वीडियो को हिन्दू जागरण मंच के युवा जिलाध्यक्ष हिमांशु पटेल ने एक्स पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग उठाई। उनका कहना है कि घटना बर्दाश्त नहीं की जा सकी। केस दर्ज कर आरोपी पर कार्रवाई होनी चाहिए। सीओ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कठोर एक्शन होगा।

### गाय चोरी कर ले जाता चोर कैमरे हुआ कैद

बरेली, अमृत विचार : बारादरी के खुर्रम गौटिया निवासी लालू यादव ने बताया कि बुधवार की रात उसकी गाय चोरी हो गई। पास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी में देखा गया तो चोर गाय को पैदल ले जाता दिखा। पीड़ित ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी है।

# बिजली कंपनी कर्मी का फोड़ा सिर

**बरेली, अमृत विचार:** बिजली विभाग से जुड़ी कंपनी के कर्मचारी पर दबंगों ने रंजिशन हमला कर दिया। कार्यालय में घुसकर मारपीट की और लोहे की रॉड से सिर फोड़ दिया।

पीलीभीत के बरखेड़ा के गांव अधकटा निवासी कय्यूम पुत्र सगीर ने बताया कि वह गुरुवार को हरुनगला स्थित जेएसपी स्कूल के पास अपने कार्यालय में था।उसकी टीम में पहले कार्य कर चुका शिवम यादव अपने साथी अजय यादव व अन्य लड़कों के साथ आया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया और लोहे की रॉड से कय्यूम के सिर पर वार कर दिया, जिससे गंभीर चोट आई और काफी खून बहने लगा। शोर मचाने पर कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सिविल लाइंस में खुदाई से व्यापारी के मकान की दीवारों में दरार, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

सिविल लाइंस में प्लांट में बेसमेंट बनाने को की गई गहरी खुदाई से पड़ोस की कोठी में दरारें आ गईं। खतरा भांपकर परिवार को पड़ोसी परिवार को दूसरी जगह शिफ्ट होना पड़ गया। निर्माण को लेकर मौके पर विवाद और हंगामे की स्थिति बन गई। सूचना पर एसडीएम भी मौके पर पहुंचे और निर्माण रुकवा दिया। प्लाट मालिक के बेटे और आर्किटेक्ट को पूछताछ के लिए पुलिस कोतवाली भी ले गई। पीड़ित परिवार ने अपने मकान में हुए नुकसान की भरपाई और सुरक्षित निर्माण की मांग की है।

पीड़ित रविन्द्र सिंह एमएफसी रेस्टोरेंट के स्वामी है और सिविल लाइंस चौपुला रोड पर उनका मकान है। उन्होंने अफसरों को बताया कि पड़ोस में एक पेट्रोल पंप मालिक का प्लाट है, जिसमें कई महीना पहले खुदाई कर छोड़ दी गई थी। रविन्द्र का आरोप है कि कुछ समय पहले प्लाट मालिक ने बेसमेंट बनाने के लिए और ज्यादा खुदाई करा दी। इसकी वजह से उनके मकान को खतरा पैदा हो गया। दीवारों में दरारें आना शुरू हो गईं। रात में वह बाहर से लौटे तो पता लगा कि पड़ोस में गहरी खुदाई की वजह से उनके मकान की दीवारों नुकसान पहुंच रहा है। मलबा गिर रहा है। इससे पूरा परिवार दहशत में आ गया और डायल 112 को सूचना देकर पुलिस से मदद मांगी। खतरा भांपकर उन्होंने पूरा परिवार दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बीडीए टीम के साथ उपजिलाधिकारी भी आ गए। पुलिस प्लाट मालिक के बेटे के साथ दो लोगों को कोतवाली ले गई। आरोप है कि रात में उनको छोड़ दिया गया। रविन्द्र ने मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। साथ ही मकान में हुए नुकसान की भरपाई की भी मांग की है।



इसी निर्माण कार्य के कारण मकान में पड़ी दरारें। ● अमृत विचार

- पेट्रोल पंप मालिक करा रहे थे अपने प्लॉट में निर्माण
- दहशत में दूसरी जगह शिफ्ट हुई पड़ोसी सिंह फैमिली

# 54 इंस्पेक्टर व दारोगा दूसरे जनपद ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी ने सभी को नए तैनाती स्थलों पर आमद के निर्देश दिए

**अमृत विचार:** एसएसपी अनुराग आर्य ने पांच इंस्पेक्टर और 49 दारोगाओं समेत 54 पुलिसकर्मियों को दूसरे जनपदों में स्थानांतरित कर दिया है। सभी को तत्काल प्रभाव से रिलीव कर नए तैनाती स्थलों पर आमद के निर्देश दिए गए हैं।

ट्रांसफर सूची में साइबर थाना, क्राइम ब्रांच, एएनटीएफ और पुलिस लाइन समेत कई महत्वपूर्ण इकाइयों में तैनात पुलिसकर्मी शामिल हैं। साइबर थाना से इंस्पेक्टर नीरज सिंह यादव का शाहजहांपुर, क्राइम ब्रांच से इंस्पेक्टर रामसेवक और न्यायालय सुरक्षा प्रभारी सतीश कुमार का बदायूं तथा पुलिस लाइन से रामवीर सिंह और रूप नारायण सिंह का पीलीभीत स्थानांतरण किया। दारोगाओं में एएनटीएफ प्रभारी विकास यादव, धर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार देशवाल, सरिता, मेवाराम, सोनी खंपा, चित्रदेव शर्मा समेत 49 दारोगा शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग जिलों में भेजा गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने नए कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। इस बड़े फेरबदल के बाद जिले के कई थानों और इकाइयों में नए अधिकारियों की तैनाती होगी।

# जिला महिला अस्पताल में पैसे मांगने की जांच को समिति गठित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीएमएस ने बनाई तीन सदस्यीय टीम, तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** जिला महिला अस्पताल अवैध वसूली के गंभीर आरोपों को लेकर विवादों में घिर गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

वीडियो में अस्पताल की एक महिला कर्मी कह रही है कि रुपये देकर आए हैं तो कुछ तो करेंगे। इसी के बाद मरीजों से इलाज के नाम पर पैसे वसूले जाने के आरोपों ने गंभीर रूप ले लिया है। अस्पताल में ऑपरेशन के बाद टांके काटने तक के लिए 500 रुपये तक की मांग किए जाने के आरोप सामने आए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह ने सीएमएस से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने डॉ ललित सक्सेना, डॉ सीमा और कमलेश आर्या की तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया। टीम को तीन दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएस ने संबंधित स्टाफ से भी लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। साफ किया है कि जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने पूरे स्टाफ के लिए एक नोटिस जारी किया है जिसमें मरीज से अभद्र व्यवहार, पैसे मांगने की बात के साथ निजी अस्पताल में मरीज को भेजने की बात सामने आई तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इंटेलिजेंस भी जांच कर रही है।

### बेटा होने पर जबरन मांगती हैं रुपये

जिला महिला अस्पताल के स्टाफ पर आरोप है कि यदि किसी का बेटा होता है तो मिठाई के नाम पर शिफ्ट वाले लोग मुंह खोलकर रुपये मांगते हैं। यह मरीजों की हालत नहीं देखते बल्कि उन्हें सिर्फ रुपये से मतलब होता है।

# पेट्रोल पंप के खाते में संदिग्ध ट्रांजेक्शन की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता बरेली

- साइबर ठगी की आशंका, पुलिस को दी गई तहरीर

**अमृत विचार:** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के बैंक खाते में संदिग्ध ट्रांजेक्शन और साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

पेट्रोल पंप के खाते में 13 अप्रैल को कुछ संदिग्ध ट्रांजेक्शन दर्ज हुए। इसके बाद शिकायतकर्ता के पास मुंबई से एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को साइबर फ्रॉड का पीड़ित बताते हुए कहा कि उसकी पत्नी के क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर पेट्रोल पंप के खाते में धनराशि ट्रांसफर की गई है और उसने इसकी शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई है। 14 अप्रैल को पेट्रोल पंप के पेटीएम बिजनेस ऐप पर 50,000 रुपये का एक डिस्प्यूट मैसेज भी प्राप्त हुआ। जांच में प्रारंभिक रूप से सामने आया है कि पेट्रोल पंप के मैनेजर कांता प्रसाद के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने अवैध तरीके से धनराशि ट्रांसफर कराई और बाद में निकाल लिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बाद फोन कर 50,000 रुपये वापस करने का दबाव बनाया गया। इतना ही नहीं, आरोपियों द्वारा लगातार फोन कर 25,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने की मांग भी की जाती रही। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कई क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल, बिलबिलाए लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जानकारी के लिए लोगों ने किए फोन, अफसरों ने नहीं उठाए
- मरम्मत के नाम पर बिजली कटौती, गर्मियों में भी की जा रही मनमानी

**अमृत विचार :** शहर की बिजली व्यवस्था शुरुआती गर्मी में ही चौपट हो रही है। वर्टिकल व्यवस्था लागू करने के बाद उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए हेल्प डेस्क के साथ ही वाट्सएप ग्रुप भी बनाए गए थे। हालांकि यह किसी काम के नहीं है। पूरी सर्दी मरम्मत के नाम पर बिजली कटौती झेलने वाले उपभोक्ताओं से दावा किया जा रहा था कि गर्मियों में निर्बाध व बेहतर आपूर्ति होगी। इन दावों की खोल शुरुआती गर्मी में ही खुलने लगी है। हेल्पडेस्क, कंट्रोल रूम व सोशल मीडिया में शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही। जेई, एसडीओ के फोन नहीं उठने से आक्रोश और बढ़ रहा है।

शुक्रवार को रामनाथ की डेयरी, छोटी बमनपुर, जीजीआईसी में सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक एक फेस न आने से छह घंटे बिजली कटौती हुई। वहीं किला फीडर में पेड़ की छटाई के कारण दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली कटौती हुई। चौपला फीडर पर पेड़ों की छंटाई के कारण पुलिस लाइन की भी बिजली पूरे दिन गुल रही। बिहारीपुर में पांच घंटे से अधिक बिजली गुल रही। सेक्टर नौ में केबल बॉक्स जलने के कारण बिजली संकट लोगों को झेलना पड़ा। किला फीडर की बिजली शाम को दो घंटे गुल रही।



इसी प्रकार रामगंगा नगर के 11 केवी का केबल बॉक्स जलने के कारण सुबह 10 से शाम सात बजे तक कुल नौ घंटे बिजली संकट का सामना लोगों को करना पड़ा। इसी प्रकार शहर के सीबीगंज, लोहिया विहार, इज्जतनगर, स्लीपर रोड, परसाखेड़ा, पुराना शहर, शाहदाना, हरुनगला, डेलापीर समेत कई उपकेंद्रों के फीडरों पर ट्रिपिंग व लोकल फॉल्ट के कारण बिजली कटौती हुई।

### एक साथ बांध दिए तीन फेस, नोटिस जारी

सेटेलाइट बस अड्डे पर लगे पावर परिवर्तक की जिम्मेदारी जेई साबिर को दी गई है। यहां स्टाफ व जेई की लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। एक साथ तीन फेस बांधने का मामला सामने आने पर अधीक्षण अभियंता नगर ने जेई को बिजली निगम की धारा-10 का नोटिस जारी किया है।

### परेशानी का सबब बनते जा रहे स्मार्ट मीटर

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग की स्मार्ट मीटर व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। उपभोक्ताओं को न तो समय पर बैलेंस की जानकारी मिल रही है और न ही लो बैलेंस का कोई अलर्ट मिल पा रहा है। नतीजतन, कई घरों में आधी रात अचानक बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो गई है। स्मार्ट मीटर लगने के बावजूद उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली उपकेंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जिन लोगों के पास स्मार्टफोन नहीं है, वे सबसे ज्यादा परेशान हैं क्योंकि विभाग की मोबाइल ऐप उनके लिए उपयोगी साबित नहीं हो रही। संजयनगर निवासी श्यामवीर और जगतपुर निवासी रामपाल ने बताया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर में रिचार्ज करने के बाद भी पुराना बकाया स्वत: कट जाता है, जिससे पर्याप्त बैलेंस नहीं बचता और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है।

# फॉरेंसिक लैब के निर्माण में मिली कई खामियां, सीडीओ ने जताई नाराजगी

- सर्वर रूम में खुले मिले बिजली के तार, मशीनरी के सीरियल नंबर में पाई गई गड़बड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** परसाखेड़ा में नवनिर्मित विधि विज्ञान प्रयोगशाला का सीडीओ देवयानी ने निरीक्षण किया। इस दौरान कई तकनीकी और ढांचागत कमियां देखने को मिलीं, जिस पर उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रति कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

सीडीओ को निरीक्षण के दौरान सबसे बड़ी लापरवाही सर्वर रूम में मिली, जहां बिजली के तार खुली और असुरक्षित अवस्था में पाए गए। इसे गंभीर सुरक्षा चूक मानते हुए तारों को समुचित रूप से कवर करने के निर्देश दिए। वहीं, लैब में लगाए गए एक्जॉस्ट फैन के आगे फ्लैप गायब मिले। प्रयोगशाला के दरवाजों पर डोर स्टॉपर तक नहीं लगाए गए थेहैं। उन्होंने कार्यदायी संस्था को एक-एक बिंदु को दुरुस्त करने की चेतावनी दी। निरीक्षण में सबसे चौंकाने वाली कमी कोल्ड रूम में मिली। यहां स्थापित की गई मशीनरी के सीरियल नंबर और सरकारी आगणन में दर्ज नंबरों में भिन्नता पाई गई। सीडीओ ने पूरी मशीनरी के मिलान और परीक्षण करने के आदेश दिए। कई स्थानों पर टाइल्स टूटी हुई थीं जिन्हें तत्काल बदलने को कहा गया। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि बिना इन कमियों को दूर किए और मानकों के पूर्ण मिलान के बिना भवन का हैंडओवर स्वीकार नहीं किया जाएगा।



लैब का निरीक्षण करतीं सीडीओ देवयानी। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### शादी का झांसा देकर युवती का शोषण

**बरेली, अमृत विचार :** मठ लक्ष्मीपुर निवासी युवती ने बताया कि वह गढ़ी चौकी क्षेत्र में कोचिंग पढ़ने जाती थी, जहां उसकी मुलाकात अर्जुन निवासी चौधरी तालाब से हो गई। दोनों के बीच बातचीत प्रेम संबंध में बदल गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब भी वह शादी की बात करती, आरोपी टालमटोल कर अगले साल शादी करने की बात कहता रहा। उसने अपने परिवार को इस बारे में बताने की बात कही तो जान से मारने की धमकी दी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**बरेली, अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। सीबीगंज के डीरिया ठकुराइन के रहने वाले सुधीर पाल ने बताया कि उनके पिता चंद्रपाल (55) गुरुवार की शाम को गैस डिलीवरी वाले के फोन पर झुमका चौराहे गैस सिलेंडर लेने गए थे। वहां तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

### 8वें उर्स ताजुश्शरिया की तैयारियां तेज

**बरेली, अमृत विचार :** 8 वें उर्स ताजुश्शरिया की तैयारियां तेज हो गयी हैं। शुक्रवार को दरगाह आला हजरत परिसर में वालंटियर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उर्स की तैयारियों की समीक्षा की और वालंटियर्स से सुझाव भी लिये। उर्स प्रभारी सलमान हसन खान (सलमान मियां ने सभी वालंटियर्स को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और ज़ायरीन की बेहतर खिदमत के निर्देश दिए। महासचिव फरमान हसन खान ने बताया कि उर्स के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले जायरीन के लिए लगातार और व्यवस्थित लंगर की व्यवस्था की जाएगी।

# महिला आरक्षण पर नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित

## वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने आरक्षण को महिला सशक्तिकरण के लिए बताया जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नारी शक्ति सम्मेलन को संबोधित करतीं डॉ. बबीता चौहान, साथ में विधायक संजीव अग्रवाल, अधीर सक्सेना।



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट करते वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर विधायक एवं वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल की ओर से शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में 33 प्रतिशत आरक्षण को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बहुत बड़ा कदम बताया गया।

भाजपा विधायक संजीव अग्रवाल की ओर से पीलीभीत रोड स्थित एक शादी हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान नेइस ऐतिहासिक निर्णय के लिए देश की हर महिला की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण नारियों के सम्मान में बहुत बड़ी पहल है।

● **राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने जताया प्रधानमंत्री का आभार**

विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की करोड़ों माताओं और बहनों के सम्मान, अधिकार और आत्मविश्वास का सशक्त उद्घोष है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि 'नारी तू नारायणी' के भाव को साकार करने का राष्ट्रीय संकल्प है। अध्यक्षता समाजसेवी शशि वाला राठी और संचालन डॉ तृप्ति गुप्ता ने किया। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विचार साझा किए। महिला महानगर अध्यक्ष नीलम जेठा, लता सिंह बघेल, चित्रा मिश्रा, संतोष कश्यप, रितिका किशोर, पूनम राठौर, गौरी पटेल, सरिता कश्यप, कमला कश्यप, शालिनी वर्मा, रोली पाण्डेय, वन्दना सिंह, पूनम भल्ला, अलका शर्मा, भावना गौतम, शिखा नायर मधु, काजल अग्रवाल, रिचा जयसवाल, अंजु मिश्रा, बबीता सक्सेना आदि महिलाओं की उपस्थिति रही।

वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने भी एक रिसॉर्ट में कार्यक्रम आयोजित किया। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण महिला कल्याण के लिए सर्वोत्तम है। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि जिस देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जैसी सशक्त महिलाएं हैं, उसमें 33 प्रतिशत आरक्षण का महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है।ध्यक्षता शालिनी जौहरी ने की। महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे, अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, महिला मोर्चा भाजपा की अध्यक्ष नीलम जेठा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अनिल कुमार एडवोकेट आदि बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## शिक्षक संघ ने उठाई स्कूल का समय बदलने की मांग

**बरेली, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवस्वरूप शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को बीएसए डा. विनीता सिंह से मुलाकात कर विद्यालयों का समय परिवर्तन करने की मांग की।

संघ ने जिले में सक्रिय फर्जी शिक्षक संगठनों की गतिविधियों पर गहरी चिंता जताई। जिलाध्यक्ष ने साक्ष्य सहित पत्र सौंपकर मांग की कि गैर-मान्यता प्राप्त संगठनों पर तुरंत रोक लगाई जाए। बीएसए ने कहा कि भविष्य में केवल मान्यता प्राप्त संगठनों के पत्रों पर ही विभाग संज्ञान लेगा। इस दौरान जिलामंत्री रोहित सिंह, कोषाध्यक्ष अज़रार हुसैन, मनोज गंगवार और शशिभूषण कश्यप सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# छात्राओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बनाई रंगोली


रंगोली कार्यक्रम में उपस्थित छात्रा और शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. अलका यादव ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण तथा समाज में उनकी सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

छात्राओं ने रंगोली बनाकर नारी शक्ति के महत्व को प्रस्तुत किया। बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और महिलाओं के सम्मान व अधिकारों की रक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा महिलाओं के प्रति सम्मान को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## 65 हजार का बकरा बाइक पर ले उड़े चोर

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र में परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश 65 हजार रुपये कीमत का बकरा उठाकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सीबीगंज के बंडिया गांव निवासी रियाजुद्दीन ने बताया कि परसाखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित शिव धर्मकांटा के पास सैफी इलेक्ट्रिकल्स इंजीनियरिंग नाम से कार्यशाला चलाते हैं। वहां उनका बकरा भी रहता है जिसकी कीमत लगभग 65 हजार रुपये है। 13 अप्रैल की दोपहर तीन बजे के लगभग उनका बकरा कार्यशाला के बाहर चर रहा था, तभी बाइक सवार युवक पहुंचे और बकरे को उठा ले गए। पास में लगे सीसीटीवी में घटना कैद हो गई। पुलिस ने उनकी न सुनी। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बकरे की तलाश शुरू कर दी है।

# नारी शक्ति वंदन अभियान पर बनाई मानव श्रृंखला

कार्यालय संवादाता, बरेली



जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मानव श्रृंखला और पदयात्रा का आयोजन किया गया। विशिष्ठ अतिथि रंजना सोलंकी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

रंजना सोलंकी ने कहा कि महिलाओं में असीमित शक्ति होती है, उन्हें कार्य करने का अवसर मिलना चाहिए। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से पारिवारिक और सामाजिक उत्थान होने के साथ ही देश आगे बढ़ेगा। मानव श्रृंखला के बाद प्रशासनिक भवन के सामने से पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा डोहरा रोड, पीलीभीत रोड होते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर संपन्न हुई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव हरीश चंद, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, प्रो. अर्चना गुप्ता, प्रो. तूलिका सक्सेना, प्रो. अनीता त्यागी, प्रो. शोभना सिंह आदि उपस्थित रहे।

वहीं विश्वविद्यालय के बीएड-एमएड विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एमएड चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा शिवांगी ने कहा कि महिलाओं को राजनीति में भी आगे आने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। अभिषेक कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने समाज की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझती हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष अरोरा ने कहा कि आज भारतीय महिलाएं कला, साहित्य, सिनेमा, सेना, खेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा कॉरपोरेट क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। राष्ट्र के लिए लिए जाने वाले निर्णयों में भी उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो और वे संसद एवं विधान मंडल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। डॉ. रामबाबू सिंह, डॉ. मीनाक्षी द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

● **एमजेपी रोहिलखंड विवि से जागरुकता रैली निकली**

### रोहिलखंड आयुर्वेदिक कॉलेज में कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नारी शक्ति पदयात्रा, नारी शक्ति दीवार, मानव श्रृंखला तथा अधिनियम के समर्थन में मिस्ड कॉल अभियान चलाया गया। अध्यक्षता डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ आरके तिवारी, डॉ एच.एस. राय, डॉ मुकेश सक्सेना, डॉ ज्ञान देव, डॉ सुशांत साहू, डॉ शिव ज्योति, डॉ अखिन्ना, डॉ शिमि, डॉ गणेश और डॉ आयुष ने की। सांस्कृतिक समिति की डॉ. प्रियंका कश्यप, डॉ. हिमानी एवं अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही।

## सिटी डायरी

### हज यात्रियों को मालाएं पहनाकर किया रवाना



**बरेली, अमृत विचार :** पुराने शहर चक सकलैन नगर निवासी मुनव्वर हुसैन पत्नी कहकशा अंजुम के साथ हज का फर्ज अदा करने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। दिल्ली से हज यात्रा की उड़ानें 18 अप्रैल से शुरू हो रही हैं, जबकि लखनऊ एयरपोर्ट से 22 अप्रैल से फ्लाइट्स संचालित होंगी। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी ने साथियों के साथ हज यात्रियों को रुख्सत किया। रवानगी के समय हज यात्रियों के अजीजों ने नम आंखों से उन्हें विदा किया। अहमद उल्लाह वारसी, डॉ. कासिमुद्दीन, हाजी साकिब रजा खां, हाजी यासीन कुरैशी, हाजी अज़ीम हसन और हाजी उवैस खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

### स्क्रीन टाइम स्वास्थ्य और एकाग्रता पर डालता है दुष्प्रभाव




**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में शुक्रवार को स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम विषय पर प्रेकार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने कहा कि बढ़ता स्क्रीन टाइम युवाओं के स्वास्थ्य, एकाग्रता और सामाजिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने छात्रों से खेल, अध्ययन और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने की अपील की। विभाग संगठन मंत्री विकास गोला ने कहा कि समय का सही प्रबंधन व्यक्तिगत विकास के साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने योग्य बनाता है। उन्होंने नियमित व्यायाम, पुस्तक अध्ययन और समाजसेवा को दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया। जिला संगठन मंत्री अरुण पाल, राहुल गंगवार, सचिन गंगवार, अमित, अरुण, दुर्गेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

### सोबती पब्लिक स्कूल की बीबीएल पर 80 रन से जीत




**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन शुक्रवार को ग्रुप- बी की टीम सोबती पब्लिक स्कूल ने बीबीएल को 80 रन से पराजित किया। पब्लिक मॉडर्न स्कूल नकटिया के नहीं आने से प्रतिद्वंद्वी बासुबरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम को वॉकओवर मिला। सोबती के अक्षय गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल एवं टूर्नामेंट के ऑर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट डा. प्रभाकर गुप्ता, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. शोभित सक्सेना, डा.अनुज सक्सेना, शंकर पाल, यूसुफ अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे। शनिवार को सातवां मैच ग्रुप- ए की टीमों एसआर इंटरनेशनल और मैच 1 के विजेता सेक्रेड हार्ट्स के बीच और आठवां मैच ग्रुप- डी की टीम हरित पब्लिक स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच दोपहर 12.00 बजे से होगा।

### लोकसभा में नीरज मौर्य बोले- महिला आरक्षण में पिछड़ों को मिले स्पष्ट कोटा



**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के दौरान आंवला से सपा सांसद नीरज मौर्य ने महिला आरक्षण में देरी पर सवाल किए। कहा कि 33 प्रतिशत नहीं बल्कि महिलाओं को उनकी आधी आबादी के हक के बराबर 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए, जिसका हम पूर्ण समर्थन करेंगे। सांसद नीरज मौर्य ने सदन में सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाते हुए कहा कि महिला आरक्षण के भीतर ओबीसी, एससी और एसटी महिलाओं के लिए स्पष्ट आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश की पिछड़ी जातियों का उदाहरण देते हुए जाति जनगणना की जरूरत पर जोर दिया। जनसंख्या वृद्धि पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी कि सांसदों की संख्या अनावश्यक बढ़ाने से संसद में केवल मेला लगेगा और सरकारी खजाना खाली होगा, इसके बजाय संसाधनों को किसान, युवा और बुनियादी ढांचे पर खर्च करना चाहिए।

# एकल गायन में स्वरित तिवारी जीते

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कार्यक्रम में प्रमाणपत्र के साथ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में बाल एवं युवा महोत्सव 2026 का आरंभ शुक्रवार को एकल गायन प्रतियोगिता 'स्वरांजलि' के साथ हुआ। बरेली मंडल के 10 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में हार्टमैन कॉलेज के स्वरित तिवारी और सीनियर वर्ग में रिद्धिमा की शालिनी पांडे ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेताओं को देव मूर्ति ने पुरस्कृत किया।

रिद्धिमा के सेंटर हेड डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य बच्चों और युवाओं के समग्र विकास के साथ उन्हें ललित कलाओं से जोड़ना है। निर्णायक मंडल में डॉ. रीता शर्मा, रुचि शाह और डॉ. आशीष कुमार शामिल रहे। जूनियर वर्ग में अतिशय गोयल (द्वितीय), अर्णव त्रिवेदी और अर्णव कनौजिया (तृतीय) रहे, जबकि बख्शीश कौर और अग्रिमा को विशेष पुरस्कार मिला। सीनियर वर्ग में गीतू अरोड़ा द्वितीय और चंदन मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में डॉ. प्रभाकर गुप्ता और डॉ. शैलेश सक्सेनाउपस्थित रहे। महोत्सव के अंतर्गत आगे नृत्य, बैंड, थिएटर, चित्रकला और फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

● **एसआरएमएस रिद्धिमा में बाल एवं युवा महोत्सव स्वरांजलि आरंभ**

## खानकाह वामिकिया निशातिया के सज्जादानशीन बने असलम मियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली


फतेहख्वानी में जुटे अकीदतमंद।

**अमृत विचार :** दरगाह खानकाह वामिकिया निशातिया के सज्जादानशीन सय्यद मोहम्मद मियां वामिकी अशरफी के इंतकाल के बाद खानकाह की सज्जादगी की जिम्मेदारी मौलाना सय्यद असलम मियां वामिकी को सौंप दी गई। यह ऐलान कछौछा शरीफ के सज्जादानशीन सैयद जलालुद्दीन अशरफ जीलानी उर्फ कादरी मियां ने दस्तारबंदी के साथ किया।

शुक्रवार को दरगाह पर सोयम की फतेहख्वानी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। गाजीपुर धावा शरीफ के सज्जादानशीन सय्यद जफर हुसैन ने खास दुआ कराई। कार्यक्रम में सैय्यद अशरफ, मोहिब मियां रागिकी कादरी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी, शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम, अहमद उल्लाह वारसी, प्रोफेसर मौलाना महमूद हुसैन और डॉ. कासिमुद्दीन ने नए सज्जादानशीन को मुबारकबाद दी।

## तीन रेलवे कर्मियों को मिला सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ पुरस्कार

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल में सूझ-बूझ से तीन बड़े हादसे को टालने वाले तीन रेल कर्मी सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित किए गए।

सम्मानित कर्मचारियों में इज्जतनगर मंडल के उझानी स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर अनुराग सिंह भी शामिल हैं। उन्होंने 19 फरवरी को अपनी सतर्कता और तत्परता से एक संभावित रेल दुर्घटना को टाल दिया था। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने भी इस सराहनीय कार्य के लिए कर्मचारियों की प्रशंसा की और उनका मनोबल बढ़ाया।

# दिव्यांगों के प्रति समाज भी हो जागरूक

● **विश्व हीमोफीलिया दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

**बरेली, अमृत विचार :** जीवन रेखा हीमोफीलिया जन कल्याण समिति के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभागार में जागरुकता कार्यक्रम में एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति केवल शासन-प्रशासन ही नहीं, बल्कि समाज का भी जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।

डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि सरकार ऐसे मरीजों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। उन्होंने गरीब एवं कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने पर जोर दिया। अपर मंडलीय स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रमेश दीक्षित ने बताया कि जिला अस्पताल में हीमोफीलिया मरीजों के लिए फैक्टर-8, 9 सहित आवश्यक उपचार की समुचित व्यवस्था है। जरूरत पड़ने पर निःशुल्क ब्लड की भी सुविधा है। समिति के संस्थापक महेश पंडित ने मरीजों की समस्याओं से डीएम को अवगत कराया। समिति की अध्यक्ष रेखा रानी ने बताया कि समिति में लगभग 280 मरीज पंजीकृत हैं।हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप पंत, डॉ. विनोद पागरानी आदि ने हीमोफीलिया मरीजों के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। नदीम शम्सी, अजय अग्रवाल, डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. राहुल, तेजस्वी सिंह, जैनब फातिमा, दीक्षा सक्सेना, कुमकुम शर्मा, प्रखर शर्मा, आशीष शर्मा को सम्मानित किया गया। राजेश रस्तोगी, शाहीन खानम, ममता पंडित, कपिल पंडित, मानस रस्तोगी, सानू रस्तोगी, अजय कमल, राजकमल, दीपांशु, उपासना पंडित मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### चिकित्सा शिविर में 51 मरीजों का उपचार

**बरेली, अमृत विचार :** श्री अग्रसेन सेवा ट्रस्ट की तरफ से संचालित निशुल्क चिकित्सा सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को गांव रामनगर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।डॉक्टरों की टीम ने 51 मरीजों की ओपीडी कर उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित कीं। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि संस्था आर्थिक रूप से कमजोर अग्रवाल परिवारों के भरण-पोषण, चिकित्सा सहायता और बच्चों की शिक्षा में भी सहयोग कर रही है। ट्रस्ट स्किल डेवलपमेंट के लिए पांच गांव गोद लेगा। इस कार्य को डॉ. नीलिमा गुप्ता पूर्व कुलपति, एमपी सागर के निर्देशन में गठित कमेटी आगे बढ़ाएगी।

### एम्बुलेंस की मुस्तैदी से नवजात की बची जान

**बरेली, अमृत विचार :** ब्लॉक मीरगंज के ग्राम जाम निवासी त्रिवेणी सिंह की पत्नी रचना के नवजात शिशु की हालत गंभीर होने पर उसे सीएचसी मीरगंज से जिला अस्पताल रेफर किया गया। एंबुलेंस में ईएमटी युवराज ने नवजात को एम्बुलेंस में सुरक्षित रखा, जबकि पायलट योगेंद्र कुमार ने वाहन जिला अस्पताल की ओर रवाना किया। रास्ते में बच्चे को सांस लेने में दिक्कत बढ़ने पर ईएमटी युवराज ने तत्काल ऑक्सीजन सपोर्ट दिया जिससे उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ।

# जलवायु निगरानी, आपदा प्रबंधन का आधार है अंतरिक्ष तकनीक

## रोटरी क्लब ऑफ बरेली के 75वों चार्टर दिवस में बोले इसरो निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान

- सामाजिक परियोजनाओं की उपलब्धि साझा, मिली छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब ऑफ बरेली के 75वें चार्टर दिवस पर शुक्रवार को भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक सेवा के 75 प्रोजेक्ट पूरे होने की उपलब्धि साझा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसरो हैदराबाद के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान रहे। डॉ. चौहान ने विकसित भारत के लिए भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम विषय पर व्याख्यान देते दिया।

विकसित भारत के लिए भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम विषय पर बोलते हुए डॉ. प्रकाश चौहान ने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक अब केवल अनुसंधान तक सीमित नहीं, बल्कि शासन, अर्थव्यवस्था, कृषि, आपदा प्रबंधन और जलवायु निगरानी का मजबूत आधार बन चुकी है। उन्होंने युवाओं को विज्ञान और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी केवल अन्वेषण तक सीमित नहीं है। क्लब अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि थुम्बा से शुरू हुई भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंच चुकी है। उन्होंने 2035 तक भारत के अपने स्पेस स्टेशन और पुन उपयोगी रॉकेट की संभावना जताई। साथ ही निजी कंपनियों के आगमन से स्पेस सेक्टर में भारत की हिस्सेदारी बढ़ने की उम्मीद व्यक्त की। जिससे निजी क्षेत्र की स्काई रूट, अग्निकुल कॉसमॉस, तथा पिक्सल जैसी कम्पनियों के आने से विश्व बाजार में भारत का शेयर 2 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिषत हो जायेगा। विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेन विद्यार्थी ने रोटरी के 75 वर्ष को एतिहासिक बताया। सृष्टिपूर्ति फाउण्डेशन की ओर से 15 मेधावी छात्रों को इसरो अध्ययन भ्रमण के लिए प्रतीकात्मक छात्रवृत्ति दी गई। साथ ही एसआरएमएस ट्रस्ट के नेत्र बैंक के साथ एमओयू और साहू रामस्वरूप महाविद्यालय एवं क्रियेशन स्कूल शैक्षणिक संस्थानों को लैंग्वेज लैब प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. प्रकाश चौहान, डॉ. घनश्याम खंडेलवाल और आदित्य मूर्ति को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केपी सिंह, अरविंद भटनागर, राजीव गुप्ता, बिमल अवल, नरेश के मलिक, एपी गोयल, गोविन्द सक्सेना, सीए राजेन विद्यार्थी, विनय कृष्ण, मनीष गोयल, सुमित अरोरा, सीए दीपक मंगल, प्रधीर गुप्ता, डीपी सिंह, मोहन गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सीएस अंकित अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अरविन्द गुप्ता, नरेश मलिक, डॉ. जितेन्द्र मौर्या, प्रधीर गुप्ता, सुमित अरोरा, संचित अग्रवाल, कुश सक्सेना, राजेश टण्डन, एएस अग्रवाल का सक्रिय योगदान रहा।



रोटरी क्लब का बरेली द्वारा चार्टर दिवस समारोह पर व्याख्यान करते इसरो डायरेक्टर डॉ प्रकाश चौहान मंचासीन रोटेरियन। • अमृत विचार

# नई सोच के साथ नए सरोकार स्कूलों में गूंज रहा अमृत विचार



## बृज भूषण लाल पब्लिक स्कूल

**बरेली :** बरेली शहर के प्रतिष्ठित स्कूल बृजभूषण लाल पब्लिक स्कूल (बीबीएल) अलखनाथ शाखा में शुक्रवार को सुबह की प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं ने प्रिय अखबार अमृत विचार की प्रमुख खबरों को पढ़कर सुनाया । छात्र-छात्राओं ने अखबार को पढ़ना और खबरों को भविष्य में परीक्षा उपयोगी सामिग्री के रूप में सकंलित करने का संकल्प लिया। छात्रा गौराशी पाराशरी ने प्रार्थना स्थल पर अमृत विचार अखबार की खबरों को पढ़कर सुनाया। अन्य विद्यार्थियों में गोपिका गांधी, मानवी दत्त, गौराशी शर्मा, आव्या मिश्रा, सलोनी शर्मा, शांतनु वनर्जी, आद्रिका टोंक, विराज सिंह, प्रखर गर्ग, मानस चौधरी, संमृद्धि शर्मा आदि ने अखबार को नियमित पढ़ने की आदत पर विचार व्यक्त किये। शिक्षक दीपक गुहा, दीप्ति शर्मा, मीना ठुकराल, अभिषेक पाराशरी, प्रसन्नजीत, निखिल सक्सेना, डॉ. नविता मेहरोत्रा आदि ने सहयोग प्रदान किया।



प्रार्थना सभा में अमृत विचार अखबार का वाचन करना सराहनीय और दूरदर्शी सोच है। बच्चे पढ़ने की आदत से दूर होते जा रहे, ऐसे में अखबार पढ़ने की आदत डलवाने में अमृत विचार महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन कर रहा है।

**-डॉ. श्यामेश शर्मा,** प्रधानाचार्य

## सरस्वती विद्या मंदिर बृजलोक कॉलोनी

**बरेली :** बृजलोक कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में भी शुक्रवार को प्रार्थना स्थल पर छात्र-छात्राओं में अखबार पढ़ने की आदत को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। प्रार्थना स्थल पर शिवओम पाठक, समक्ष शर्मा, समृद्ध सक्सेना, पार्थ शर्मा, मंयक सिंह आदि छात्रों ने अखबार में ज्ञानवर्धक जानकारियां पढ़कर सुनाईं जो उनके लिए भविष्य में उपयोगी सिद्ध हो सके। शिक्षकों ने कठिन शब्दों का मतलब समझाया। विद्यालय के आचार्य नरेश कुमार, पंकज, प्रदीप, होम सिंह, मोनिका आदि उपस्थित रहे।



आज के बदलते समय में वही आगे बढ़ता है, जो देश-दुनिया व समाज के प्रति जागरुक रहता है। स्कूल में अमृत विचार अखबार के अभियान की शुरुआत केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि ज्ञान की एक नई खिड़की खोलने का सराहनीय प्रयास है।

**-शिव ओम शर्मा,** प्रधानाचार्य



## रानी महालक्ष्मी बाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज



**बरेली :** रानी महा लक्ष्मी बाई सरस्वती मंदिर इंटर कॉलेज सुर्खा छावनी में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए प्रार्थना सभा में अमृत विचार अखबार के अभियान के माध्यम से वैचारिक शक्ति बढ़ाने के लिए प्रतिदिन अखबार पढ़ने की प्रवृत्ति को शामिल करने का आह्वान किया। प्रतियोगी परीक्षाओं में अखबार की भूमिका पर चर्चा की गई। अनुराग गंगवार, वैभव गंगवार, कृष, रोजमन्यु, कृष्णा रस्तोगी, जीविका सिंह, वार्णिका जोशी आदि छात्र छात्राओं ने अखबार का पाठन किया। रामेंद्र कुमार मिश्रा, नत्थूलाल गंगवार, विमलेश वाजपेयी, मधु शर्मा, रीतराम, कमल किशोर शर्मा, अमित झा, अनुराग अवस्थी आदि आचार्यों ने अमृत विचार की प्रशंसा की।

विद्यार्थियों के सर्वांगीर्ण विकास के लिये अमृत विचार अखबार की बेहतरीन पहल है। अखबार पढ़ने से न केवल एकाग्रता बढ़ती है, बल्कि देश दुनिया की मुख्यधारा से भी जुडते हैं। इस अभियान का हिस्सा बनें और अपने विचारों को ऊंचाइयां प्रदान करें। **-भानुप्रताप सिंह,** प्रधानाचार्य



अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com

# पढ़ाई से साथ खुद को भी दें समय: डॉ. अशोक

कार्यालय संवाददाता, बरेली


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम को संबोधित करते प्रति कुलाधिपति डॉ अशोक कुमार अग्रवाल।


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में अतिथियों के साथ मौजूद कुलपति डॉ लता अग्रवाल

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का समापन शुक्रवार को हो गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए पीजी रेजीडेंट्स को पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षा की बारीकियों और चिकित्सा नैतिकता से परिचित कराना था। विभिन्न विशेषज्ञों ने मेडिकल एथिक्स, आईसीयू प्रोटोकॉल, आपातकालीन जीवन रक्षक कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ अशोक कुमार अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को 'हाउ टू स्टडी' विषय पर व्याख्यान दिया। बताया कि हमें आलस्य को जड़ से खत्म कर अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करना। मानसिक तनाव से मुक्त रहने के लिए नियमित रूप से योग और खेल आदि को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित की आवश्यकता है। संचालन पैथोलॉजी विभाग की प्रो. डॉ. मिथिला बिष्ट ने किया। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ लता अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रजनीश पठानिया, चिकित्सा अधीक्षक डॉ अभिनव श्रीवास्तव, डायरेक्टर पीजी स्टडीज डॉ शरद सेठ, डॉ सीमा सेठ, डॉ ज्योति पठनीय, डॉ निहारिका अरोड़ा, डॉ प्रशांत दुबे, डॉ शशिकांत वर्मा, डॉ रश्मि कत्याल, डॉ दीप्ति बी सनाकल, डॉ इरम शेफली, डॉ घोस अहमद, डॉ फैज शमसी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान, छात्र-छात्राएं और स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# हार्मनी अपार्टमेंट में आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण

**बरेली।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के चौथे दिन शुक्रवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने हार्मनी अपार्टमेंट, डेंटल कॉलेज रोड पहुंचकर आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अग्निशमन शाखा बरेली के लीडिंग फायरमैन प्रताप सिंह, चालक रामरक्षपाल सिंह, फायरमैन जय सिंह और जीतपाल सिंह ने बताया कि घर, कार्यालय, होटल, अस्पताल, स्कूल या उद्योग, किसी भी स्थान पर आग लगने की स्थिति में किस तरह से त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई करनी चाहिए। अग्निशमन अधिकारियों ने लाइव डेमोंस्ट्रेशन देकर आग बुझाने की प्रक्रिया समझाई।

# अभय जसोरिया प्रेसिडेंट आदित्य मूर्ति डायरेक्टर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन मनोनीत



11वें स्थापना दिवस समारोह में मंचासीन पदाधिकारी। • अमृत विचार

- जायंट्स ग्रुप बरेली का 11वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जायंट्स ग्रुप आफ बरेली की ओर से वृद्धाश्रमों में रहने वाले 500 बुजुर्गों के मोतियाबिंद के आपरेशन कराए जाएंगे। स्कूलों में चैरिटेबल योजनाएं संचालित होंगी।

जायंट्स ग्रुप बरेली का 11वां स्थापना दिवस समारोह स्टेशन रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नए प्रेसीडेंट अभय जसोरिया ने कहा कि जायंट्स ग्रुप दिव्यांगों के लिए भी योजनाएं संचालित करेगा। ग्रुप की ओर से स्वर्ग वाहन की सेवाओं को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाया जाएगा। डायरेक्ट आफ एडमिनिस्ट्रेशन की शपथ लेने वाले आदित्य मूर्ति ने बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर दिया। मुख्य अतिथि जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के डिप्टी वर्ल्ड चेयरमैन एसपी चतुर्वेदी, फेडरेशन फाइव के प्रेसीडेंट विपिन मित्तल ने नई योजनाओं से ज्यादा लोगों को जोड़ने की अपील की। जायंट्स ग्रुप के नए चैप्टर जायंट्स ग्रुप आफ बरेली स्मार्ट सिटी स्थापित करने की घोषणा की। इसमें प्रेसीडेंट की जिम्मेदारी गोपिका सिंघल और सेक्रेटरी की जिम्मेदारी शिवांक गोयल को दी गई। निवर्तमान प्रेसीडेंट डा.राजीव गोयल, निखिल अग्रवाल, डॉ.रितु राजीव गोयल, आशीष खंडेलवाल, रजनीश मलिक, विकास सिंघल, अमित अग्रवाल, आशीष सिंघल आदि मौजूद रहे। संचालन पुनीत सक्सेना ने किया।

# छात्रों के पास मिले पुराने आईकार्ड, किए जब्त

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में छात्र-छात्राओं के प्रवेश के दौरान आईकार्ड चेक किए जा रहे हैं। कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्र पुराने आईकार्ड ला रहे हैं। शुक्रवार को प्रॉक्टोरियल बोर्ड की ओर से ऐसे कुछ छात्रों को पकड़ा गया जो कॉलेज से पासआउट हो चुके हैं और पुराने आईकार्ड स कॉलेज में घूमते हैं। इस दौरान पुराने आईकार्ड जब्त कर लिए। चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान ने बताया कि छात्र-छात्राएं इसी वर्ष के आई कार्ड के साथ ही कॉलेज आएं।


पुराने आईकार्ड।

**बरेली कॉलेज में नियम दरकिनार, नेताजी की गाड़ी गई अंदर :** बरेली कॉलेज में शुक्रवार दोपहर नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया। कॉलेज के पूर्वी गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने नेताजी की गाड़ी को बैरियर पर रोक लिया। गाड़ी कुछ देर तक बैरियर पर खड़ी रही। नेताजी ने कॉलेज के अंदर किसी व्यक्ति से फोन पर बातचीत की। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों को निर्देश मिला और गाड़ी को अंदर जाने दिया गया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान ने कहा कि बरेली कॉलेज परिसर में किसी भी बाहरी को कॉलेज समय में प्रवेश नहीं दिया जा रहा हैं। इसके लिए जानकारी की जाएगी। कॉलेज परिसर में कोई भी बाहरी गाड़ी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# आईवीआरआई में छात्रों को करियर के लिए किया प्रेरित

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में प्लेसमेंट एवं काउंसलिंग सेल और छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से शुक्रवार को इंटरैक्टिव सत्र आयोजित हुआ। रिमाउंट एंड वेटरनरी कॉर्प्स के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को करियर के विविध आयामों से अवगत कराया।

मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अजय सिंह (ब्रिग आरवीएस, मुख्यालय सेंट्रल कमांड) ने छात्रों से कहा कि पशु चिकित्सा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. एसके मेंदीरत्ता ने सेना की आरवीसी में अवसरों की जानकारी दी।

# दांत निकलने के दौरान बच्चों को टीथर से राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बच्चों में दांत निकलना स्वाभाविक प्रक्रिया है, जो छह माह की उम्र के आसपास शुरू हो जाती है। बच्चों को मसूड़ों में दर्द, सूजन और खुजली समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में टीथर एक सहायक विकल्प बनकर उभर रहा है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेन्टल साइंसिस के डॉक्टरों ने बताया कि टीथर एक विशेष प्रकार का खिलौना होता है, जिसे बच्चे चबाते हैं। टीथर न केवल मसूड़ों को हल्का दबाव देकर राहत देता है, बल्कि ठंडक पहुंचाकर बच्चे को शांत रखने में भी मदद करता है। टीथर के इस्तेमाल से मसूड़ों की खुजली और दर्द में कमी आती है। हमेशा बीपीए फ्री और नॉन टॉक्सिन सामग्री से बने टीथर ही खरीदें। उपयोग से पहले और बाद में इसे अच्छी तरह साफ करें। डॉक्टर्स का कहना है कि यदि बच्चे को दांत निकलने के दौरान तेज बुखार हो, मसूड़ों में सूजन या खून आए तो तुरंत बाल रोग विशेषज्ञ या दंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

### गिरे हुए दांतों का कृत्रिम पुनर्निर्माण

बरेली,अमृत विचार : दांत खोना केवल सुन्दरता की समस्या नहीं, बल्कि मुंह की पूरी सेहत पर गहरा असर डालता है। इंस्टीट्यूट ऑफ डेन्टल साइंसिस के विशेषज्ञों के अनुसार दांत खोने के बाद सबसे पहले विपरीत दांत अपनी जगह से नीचे या ऊपर की ओर सुप्रा-एरप्शन कर जाते हैं। मतलब, वे असामान्य रूप से लंबे हो जाते हैं और ठीक से चबाने में बाधा डालते हैं। खाली जगह में बगल के दांत धीरे-धीरे सरक जाते हैं। इससे दांतों के बीच का संपर्क बिगड़ जाता है। दांतों के बीच गैप होने से भोजन के कण फंस जाते हैं, जो कैविटी का कारण बनते हैं। खोये हुए दांतों को बदलने से यह सब रोका जा सकता है। ब्रिज, इम्प्लांट या बत्तीसी से खाली जगह भरने पर बाकी प्राकृतिक दांत स्वस्थ रहते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि जल्दी रिहैबिलिटेशन से 80 प्रतिशत तक अन्य दांतों की सेहत बची रहती है।

# स्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन आज से शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर के प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी है। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत स्नातक स्तर के बीबीए, बीबीए हेल्थ केयर, बीबीए रिटेल एवं बीसीएब द्वितीय, चतुर्थ एवं छठें सेमेस्टर के संस्थागत व बैक परीक्षा फॉर्म 18 अप्रैल से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यलय से जारी सूचना के अनुसार छात्र 25 अप्रैल तक ऑनलाइन फॉर्म भरकर शुल्क जमा कर सकेंगे। द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के फॉर्म समर्थ पोर्टल पर, जबकि अन्य सेमेस्टर और बैक फॉर्म विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट mjpruiums.in पर भरे जाएंगे।

### प्रक्रिया ऑनलाइन

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर के बीए, बीएससी, बीकॉम और बीएससी गृह विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा फॉर्म छात्रों के लिए शानिवार से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगे। छात्र परीक्षा फॉर्म भरकर अपना परीक्षा शुल्क 25 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं। वहीं, छात्रों को परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करने और महाविद्यालय की ओर से आवेदन पत्र के ऑनलाइन अप्रूवल की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निर्धारित की। द्वितीय सेमेस्टर के संस्थागत आवेदन वेबसाइट mjpru.samarth.edu.in पर उपलब्ध होंगे।

# पंचायतों में 8.23 लाख डुप्लीकेट वोटर, होगा सत्यापन

- निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण के अंतर्गत एक से अधिक बार दर्ज वोटरों के नामों का सत्यापन होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली में फिर 823441 डुप्लीकेट वोटर सामने आए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन करने के आदेश जारी कर दिए हैं। निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण के अंतर्गत संभावित एक से अधिक बार दर्ज वोटरों के नामों का सत्यापन किया जाएगा। आयोग ने जनपदवार डुप्लीकेट वोटरों की सूची जारी की है।

राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्याधिकारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा ने इस बाबत पत्र भेजा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार शाम सत्यापन कार्यक्रम जारी कर दिया है। डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन और कंप्यूटरीकरण का कार्य 21 अप्रैल से शुरू होकर 28 मई तक चलेगा। कंप्यूटरीकरण के बाद मतदान केंद्र स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आंवटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि का कार्य 29 मई से लेकर 9 जून तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन 10 जून को होगा।

डीएम ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा है कि निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे। निर्धारित समय सीमा के अनुसार निर्वाचक नामावली का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं सहायक समन्वयक अधिकारी पंचायत को नोडल अधिकारी (डुप्लीकेट मतदाता सूची) बनाया है। खंड विकास अधिकारियों को को-आर्डिनेटर ऑफीसर बनाया है।

### पहले 110734 वोटर डुप्लीकेट सत्यापन में सामने आए

सहायक निर्वाचन अधिकारी सतीश मौर्य ने बताया कि जनवरी में 918288 संभावित डुप्लीकेट वोटरों की सूची आयोग से जारी हुई। सूची का सत्यापन कार्य जनवरी में शुरू होकर 23 मार्च तक संपन्न हुआ। सत्यापन कार्य में 807554 वोटर सही पाए गए, जबकि 110734 वोटर डुप्लीकेट मिले थे। इनके नाम सूची से हटाया जा चुका है। अब जो सूची मिली है, उसका सत्यापन कराने के लिए 1691 बीएलओ को लगाया गया है।


ओरल हेल्थ जागरूकता विषय विशेष व्याख्यान में शामिल छात्र-छात्राएं।

# स्वस्थ दांत पर दिया व्याख्यान

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज में ओरल हेल्थ (मुख स्वास्थ्य) जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि स्वस्थ दांत और स्वच्छ मुख संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। अकादमिक इंचार्ज डॉ. अमरनाथ शर्मा एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि जागरुकता की कमी के कारण कई लोग दांतों से जुड़ी समस्याओं का सामना करते हैं। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

आवश्यकता है
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497